लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

संख्या– 73 / 04 / ई–4 / RO/ARO (M)/2023/2025–26

प्रयागराज, दिनांकः 24 जनवरी, 2026

## संशोधित–विज्ञप्ति

समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (मुख्य) परीक्षा–2023 जो लखनऊ जनपद में दिनांक–02.02.2026 को प्रथम सत्र 9:30 बजे पूर्वाह्न से 11:30 बजे पूर्वाह्न तथा द्वितीय सत्र 2:00 बजे अपराह्न से सायं 5:00 बजे तक एवं दिनांक–03.02.2026 को एक सत्र 9:30 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक सम्पन्न होनी है, के संबंध में पूर्व में जारी विज्ञप्ति संख्या–71 / 04 / ई–4 / RO/ARO (M)/2023/2025–26 दिनांक–23.01.2026 के क्रम में **अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का प्रवेश पत्र आयोग की बेवसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है। सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटोग्राफ एवं आईडी प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति अनिवार्य रूप से लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा कक्ष में अन्तरीक्षक को आईडीप्रूफ की एक छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 01 घण्टा 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 45 मिनट पूर्व प्रवेश बन्द कर दिया जाएगा।**

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–8, सन् 2024) दिनांक–06 अगस्त, 2024 प्रवर्तनीय है। उक्त अधिनियम में प्राविधानित है कि ''परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या नकल कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना या प्रकट करने का षड़यंत्र करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं, जो इस अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय है। ऐसे प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुर्माना और आजीवन करावास तक की सजा, दोनों ही हो सकती है।''

(वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी)
उपसचिव।

**उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज**

**पत्र सं:–72/04/ई–4/RO/ARO –23/2025–26 टी0सी0**

**प्रयागराज: दिनांक:24 जनवरी, 2026**

**विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक–**02.02.2026 (सोमवार) एवं 03.02.2026 (मंगलवार)** को लखनऊ जनपद में आयोजित की जा रही **समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (मुख्य) परीक्षा–2023** के दो परीक्षा केन्द्रों के पते में आंशिक संशोधन निम्नवत है:–

| क.सं | जनपद | अनुक्रमांक | परीक्षा केन्द्र का पुराना नाम/पता | परीक्षा केन्द्र का संशोधित नाम/पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | 0396557 से 0472451 तक | परीक्षा उपकेन्द्र कोड–47/447 डी0 ए0 वी0 डिग्री कॉलेज, ब्लाक–'ए' पता– पं0 रास बिहारी तिवारी मार्ग, गोमतीनगर, लखनऊ। | **परीक्षा उपकेन्द्र कोड**–47/447 **डी0 ए0 वी0 डिग्री कॉलेज, ब्लाक–'ए' पता– पं0 रास बिहारी तिवारी मार्ग, मोतीनगर, लखनऊ।** |
| 2 | लखनऊ | 0472783 से 0557823 तक | परीक्षा उपकेन्द्र कोड–47/448 डी0 ए0 वी0 डिग्री कॉलेज, ब्लाक–'बी' पता– पं0 रास बिहारी तिवारी मार्ग, गोमतीनगर, लखनऊ। | **परीक्षा उपकेन्द्र कोड**–47/448 **डी0 ए0 वी0 डिग्री कॉलेज, ब्लाक–'बी' पता– पं0 रास बिहारी तिवारी मार्ग, मोतीनगर, लखनऊ।** |

अतएव अभ्यर्थीगण उपर्युक्तानुसार अपने परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(हर्ष देव पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक।